भारतीय डाक
डाक सेवा-जन सेवा

India Post
Dak Sewa-Jan Sewa

# डाक विभाग
# Department of Posts




# भारत इजराइल
# INDIA ISRAEL

विवरणिका BROCHURE

# भारत इजराइल

1992 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से भारत और इजराइल के बीच द्विपक्षीय संबंध और सुदृढ़ हुए हैं। दोनों देशों के उच्च–स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों के दौरों से ये संबंध और मजबूत हुए। इनमें 2017 में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की इजराइल की ऐतिहासिक यात्रा और 2018 में इजराइल के माननीय प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भारत यात्रा शामिल है।

भारत और इजराइल ने रक्षा, प्रौद्योगिकी, कृषि और जल सहयोग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की दिशा में बहुत प्रगति की है। वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत होती स्थिति और इजराइल के तकनीकी कौशल ने इन क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग का मार्ग प्रशस्त किया है। प्रिसिजन फार्मिंग, ड्रिप सिंचाई, अलवणीकरण और कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इजराइल की विशेषज्ञता, भारत में पानी की कमी की चुनौतियों का समाधान करने और कृषि के क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने में अमूल्य साबित हुई है। भारत और इजराइल ने भारत के 13 राज्यों में 31 कृषि उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए हैं, जिनका उद्देश्य नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों के प्रयोग से कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और मात्रा में वृद्धि कर किसानों को लाभ पहुंचाना है।

इसी प्रकार, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में स्टार्ट–अप राष्ट्र के रूप में इजराइल की पहचान ने नई उभरती कार्यनीति संबंधी प्रौद्योगिकियों में व्यापक सहयोग का मार्ग प्रशस्त किया है। इसमें कृत्रिम मेधा (एआई), स्मार्ट सॉल्यूशन, साइबर सुरक्षा, क्वांटम टेक्नॉलजी आदि शामिल हैं, जो हमारी 'मेक इन इंडिया पहल' में योगदान दे रही हैं। भारत और इजराइल के बीच द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों में तेजी से वृद्धि हुई है और इनका मूल्य 1992 के लगभग 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2022–23 में लगभग 10.77 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

भारत और इजराइल के बीच ऐतिहासिक संबंध सदियों पुराने हैं। तब से भारत में रह रहे यहूदी समुदाय ने अत्यंत उन्नति कर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है और आज यहूदी समुदाय हमारी सामासिक सांस्कृतिक संरचना का अभिन्न अंग है और भारत को उनके इस योगदान पर गर्व है। वर्तमान में विविध पृष्ठभूमि वाले भारतीय लोगों का एक बड़ा समूह इजराइल में रह रहा है। इनमें केयरगिवर्स (देख–रेख करने वाले लोग), विद्यार्थी, पेशेवर व्यक्ति और व्यवसायी वर्ग के लोग शामिल हैं। ये लोग, दोनों देशों के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।

भारत और इजराइल, दोनों देशों के बीच एक–दूसरे की संस्कृति को लेकर सम्मान एवं जिज्ञासा का भाव है, जो कि भौगोलिक सीमाओं से परे है। भारतीय फिल्में, व्यंजन, आयुर्वेद और योग इजराइल में बहुत लोकप्रिय हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में इजराइली नागरिकों द्वारा पूरे उत्साह से बड़ी संख्या में भाग लिया जाता है। पर्यटन के उद्देश्य से बड़ी संख्या में इजराइली नागरिक, विशेषकर युवा, भारत आते हैं। अधिकांश हिंदू एवं यहूदी धार्मिक त्योहारों में उल्लेखनीय समानताएं हैं और ये उत्सव लगभग एक ही समय पर मनाए भी जाते हैं (दीपावली–हनुक्का और होली–पुरिम)। ये सांस्कृतिक समानताएं, भारत और इजराइल के लोगों के बीच पारस्परिक संबंध स्थापित कर आपसी समझ और अपनेपन की भावना का संचार करती हैं।

भारत और इजराइल के परस्परिक संबंधों का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। दोनों देश आपसी सहयोग बढ़ाने और परस्पर लाभ एवं समृद्धि को ध्यान में रखते हुए सहयोग के नए क्षेत्रों की संभावनाएं तलाशने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत और इजरइल, बेहतर राजनयिक संबंधों, व्यापार और निवेश के क्षेत्र में सहयोग के विस्तार तथा नवाचार एवं प्रौद्योगिकी का भरपूर लाभ उठाते हुए 21वीं सदी के लिए चिरस्थायी भागीदारी की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

पुरिम और होली विषय पर डिजाइन किया गया संयुक्त डाक–टिकट, दोनों समाजों के बीच की वैचारिक समानताओं का परिचायक है। पुरिम यहूदियों का त्योहार है, जो फारसी साम्राज्य में यहूदियों के संहार हेतु फारसी राजा अहसेरुस के मुख्यमंत्री हामान की शैतानी साजिश के खिलाफ, एस्तेर के प्रयासों के फलस्वरूप यहूदियों के जीवित बच पाने की याद में मनाया जाता है जबकि होली एक हिंदू त्योहार है, जो राजकुमार प्रह्लाद की ईश्वर के प्रति अटूट आस्था के बल पर उसके पिता हिरण्यकश्यप द्वारा अपनी बहन होलिका के साथ मिलकर उन्हें मारने के लिए की गई साजिश से राजकुमार के सुरक्षित बच निकलने की खुशी में मनाया जाता है।

डाक विभाग, भारत और इजराइल के लोगों के बीच गर्मजोशी, सद्भाव और मैत्री पूर्ण संबंधों को रेखांकित करते हुए उनके त्योहार, क्रमशः होली और पुरिम पर संयुक्त स्मारक डाक–टिकट जारी कर प्रसन्नता का अनुभव करता है।


## आभार :

| | | |
|---|---|---|
| डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका / विरूपण कैशे | : | श्री ब्रह्म प्रकाश |
| पाठ | : | विदेश मंत्रालय से प्राप्त सामग्री के आधार पर |

# तकनीकी आंकड़े

## TECHNICAL DATA

| | |
|---|---|
| मूल्यवर्ग | : 5000 पैसे, 5000 पैसे |
| Denomination | : 5000p, 5000p |
| सोविनियर शीट मूल्य | : 10000 पैसा |
| Souvenir Sheet Price | : 10000 p |
| मुद्रित सोविनियर शीट | : 1,13,300 |
| Souvenir Sheets Printed | : 1,13,300 |
| मुद्रण प्रक्रिया | : वेट ऑफसेट |
| Printing Process | : Wet Offset |
| मुद्रक | : प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद |
| Printer | : Security Printing Press, Hyderabad |

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00

# India Israel

The bilateral ties between India and Israel have evolved significantly since the establishment of diplomatic relations in 1992. The relationship received a major boost with the visits of high-level dignitaries from both countries that includes historic visit by Hon'ble Prime Minister Narendra Modi's to Israel in 2017 and reciprocal visit by Hon'ble Prime Minister of Israel Benjamin Netanyahu in 2018.

India and Israel have made significant strides in enhancing bilateral cooperation across various sectors such as defence, technology, agriculture and water cooperation. India's growing stature on the global stage and Israel's technological prowess has created avenues for deeper collaboration in these sectors. Israel's expertise in precision farming, drip irrigation, desalination and agricultural technology has proven invaluable to India especially in addressing the challenges of water scarcity and increasing agricultural productivity. India and Israel have established 31 Agriculture Centres of Excellence in 13 Indian states that aim to benefit farmers in increasing quality and quantity of horticultural produce by innovative technologies.

Similarly in the field of technology and innovation, Israel's reputation as start-up nation has paved way for extensive collaboration in emerging strategic technologies that includes artificial intelligence, smart solutions, cyber security, quantum technology contributing to our 'Make in India initiative'. India-Israel bilateral trade and economic ties have progressed rapidly from around US$ 200 million in 1992 to around US$ 10.77 billion in FY 2022-23.

The historical link between India and Israel dates back to several centuries. Since then, Jewish community in India thrived and flourished and today the Jewish community is vital part of our composite cultural mosaic and India is proud of their contributions. Our rich Indian diaspora in Israel serves as an organic link between the two countries that includes caregivers, students, professionals and business community.

India and Israel have deep sense of mutual admiration and curiosity in cultural sphere that transcends geographical boundaries. Indian movies, Cuisine, Ayurveda and Yoga is very popular in Israel. International Day of Yoga event is well attended and celebrated with great enthusiasm by Israelis. Israelis particularly the youth visit India in large numbers for tourism purposes. Most of the Hindu and Jewish religious festivals share remarkable similarities and their celebrations coincides around the same time (Diwali-Hanukkah and Holi-Purim). These cultural parallels foster a sense of connection and understanding between the people of India and Israel.

As India and Israel look to the future, the trajectory of our relationship appears promising. Both countries are committed to deepening cooperation and exploring new frontiers of collaboration that is driven by mutual benefits and prosperity. By fostering greater diplomatic engagement, expanding trade and investment ties, and harnessing the potential of innovation and technology, India and Israel forge an enduring partnership for the 21st century.

The joint stamp, designed on the theme of Purim and Holi is indicative of the ideological similarities between the two societies. While Purim is the Jewish festival commemorating the survival of the Jews due to the efforts of Esther against the diabolical plot of Haman the chief minister of the Persian King Ahaseurus, to annihilate them in the Persian empire; Holi is a Hindu festival commemorating the survival of Prahlada a God loving prince from the diabolical plan of his father Hiranyakashyap plotting with his sister Holika to murder Prahlada for his devotion to God.

Department of Posts is proud to release Joint Postage Stamp on Holi and Purim festivals of India and Israel and celebrate the warmth, goodwill and friendship between the people of the two nations.

**Credits:**


| | | |
|---|---|---|
| Stamp/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet | : | Mr. Brahm Prakash |
| Text | : | Referenced from content provided by Ministry of External Affairs |